## सीएम योगी ने कहा- प्रदेश को सिर्फ निवेश का गंतव्य नहीं, स्थायी रोजगार का केंद्र भी बनाएं

# जिलों में कौशल विकास केंद्र बनेगा

### मंजूरी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योग के साथ कौशल और प्लेसमेंट को केंद्र में रखते हुए 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन' की कार्ययोजना को शुक्रवार को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

तय किया गया है कि प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 50 एकड़ में 'सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं कौशल विकास केंद्र' विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह फैसला प्रदेश में औद्योगिक विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने की दिशा में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' की विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को केवल निवेश का गंतव्य नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता का केंद्र बनाया जाए। यह मॉडल जमीनी स्तर पर युवाओं को अवसर देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम बने।

सीएम योगी ने प्रदेश की समृद्ध और विविधतापूर्ण खान-पान परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में 'एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी)' योजना के शुभारंभ का निर्णय लिया है। ब्रांड यूपी को सशक्त बनाने में एक जनपद-एक उत्पाद योजना की भूमिका के बाद अब यूपी की पारंपरिक क्यूज़ीन को संगठित ब्रांडिंग के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया जाएगा।

**सभी विश्वविद्यालय एक-एक खेल गोद लें :** सीएम योगी ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का आह्वान किया है कि वे किसी एक खेल को गोद लेकर उससे जुड़ी प्रतिभाओं को तराशें। खेल के जरिये स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कराकर अनुशासन और खेल भावना को मजबूत करने में योगदान दें। वह शुक्रवार को डीडीयू में एक कार्यक्रम मे बोल रहे थे।



गोरखपुर में शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रुपये लेकर पट्टा करने वालों पर कार्रवाई करें

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर में चल रहे आयोजनों के बीच शुक्रवार को सुबह जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए समय से निस्तारण कराएं। पट्टा आवंटन से जुड़ी शिकायतों पर कहा कि जिस भी गांव में रुपये लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।